हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 29 जनवरी 2026

04 संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड ...



07 मुंह में चम्मच रखकर दौड़े जपं अध्यक्ष नपाध्यक्ष...





## खबर संक्षेप

### अत्याधुनिक फॉगिंग मशीन नपा के बेड़े में हुई शामिल



**नर्मदापुरम।** नागरिकों की सुविधा के लिए नगरपालिका की स्वच्छता शाखा द्वारा अत्याधुनिक फॉगिंग मशीन खरीदी गई है। जिसे किसी भी वाहन में रखकर चलाया जा सकता है। यह मशीन कम समय में अधिक स्थान पर धुंआ करेगी। स्वच्छता शाखा के विशाल शर्मा ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर व्हीकल माउंटेन फॉगिंग मशीन खरीदी गई है। जिससे कम समय अधिक से अधिक क्षेत्र में धुंआ किया जा सकता है। कीट पतंगों और मच्छरों से नागरिकों का जीवन सुरक्षित रख सकेंगे।

### स्पाक्स स्पीक महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष बनीं रश्मि

**नर्मदापुरम।** स्पाक्स स्पीक महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा को बनाया गया है। के एन त्रिपाठी जिला अध्यक्ष सपाक्स स्पीक संस्था ने रश्मि वर्मा सहायक निर्देशिका आंगनवाड़ी प्रशिक्षण केंद्र पवार खेड़ा को महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नियुक्ति पत्र तृप्ति त्रिपाठी संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास व जिलाध्यक्ष के एन त्रिपाठी ने सौंपा। इस अवसर पर उपस्थित एच के वर्मा केशरीसिंह राजपूत, अरविंद तिवारी, राहुल श्रीवास्तव रामचरण चौरे, राजेश यादव, सौरभ साहू, अंकित शर्मा, पीयूष पांडेय अमित जायसवाल अभिमन्यु सिंह राजपूत, वैशाली मेहतो, सीताराम शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा आदि ने पुष्प एवं गुलदस्ते भेंटकर बधाई दी।

### जनपद पंचायत नर्मदापुरम की त्रैमासिक बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत पर विधायक डॉ. शर्मा का फोकस

शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने और विकास कार्यों की वास्तविक प्रगति जानने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने जनपद पंचायत नर्मदापुरम में आयोजित त्रैमासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में अधोसंरचना, शिक्षा, जलापूर्ति, अतिक्रमण, यातायात एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर अधिकारियों को स्पष्ट और समयबद्ध निर्देश दिए गए।




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला मुख्यालय पर चल रही सरकारी योजनाएं व नर्मदा से जुड़े मुद्दे और बेहतर कानून व्यवस्था व अतिक्रमण जैसे विषयों पर विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने जनपद पंचायत नर्मदापुरम के सभागृह में आयोजित त्रैमासिक समीक्षा बैठक में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा।

### पिचिंग निर्माण कार्य की समीक्षा

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने गृह विज्ञान महाविद्यालय के पीछे चल रहे पिचिंग निर्माण कार्य की समीक्षा की तथा अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने डॉ शर्मा को बताया कि एक माह में पिचिंग निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने आमजनों से जुड़े सीधे लाभ पर भी चर्चा की। इस दौरान अधोसंरचना व शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष फोकस पिचिंग कार्य, विद्यालय भवन और स्कूल मर्जर पर दिए गए अहम निर्देश दिए।

### अतिक्रमण को करें चिन्हित

डॉ सीतासरन शर्मा ने जय स्तंभ चौक सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अतिक्रमण के सीमांकन एवं जारी नोटिसों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। शहर में लगने वाली सब्जी मंडियों के युक्तियुक्तकरण, नजूल पट्टों के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा सड़कों पर अव्यवस्थित दुकानों व ठेलों से उत्पन्न यातायात बाधाओं को दूर करने हेतु अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर विशेष बल दिया गया। पुलिस विभाग को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए। इस हेतु विधायक द्वारा संदिग्ध स्थलों की सूची भी अधिकारियों को उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष भूपेन्द्र चौकसे, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव, एसडीएम जय सोलंकी, सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ रंजीत ताराम, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, तहसीलदार ग्रामीण दिव्यांशु नामदेव, तहसीलदार शहरी सरिता मालवीय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### क्षतिग्रस्त भवनों की सूची तैयार करने के निर्देश

विधायक डॉ. शर्मा ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की सूची तैयार कर एक माह के भीतर उन्हें तोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही 50 से कम छात्र संख्या वाले हाई स्कूल तथा 20 से कम छात्र संख्या वाले मिडिल स्कूलों के युक्तियुक्तकरण (मर्जर) की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए, जिससे शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### अतिक्रमण कानून व्यवस्था पर सख्ती

बैठक में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने जिला मुख्यालय पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध शराब, जुआ, सट्टा को लेकर भी सख्ती दिखाई, साथ ही निर्देश दिए कि इन पर जल्द कार्रवाई हो व कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे, जिससे आमजनों को समय पर न्याय मिले। इसके अलावा अपूर्ण नल-जल योजनाएं शीघ्र पूर्ण करने, अवैध शराब पर कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत अपूर्ण नल-जल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने एवं बंद पड़ी योजनाओं को पुनः प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# एसपी ने थानों का निरीक्षण कर पत्रकारों से रूबरू हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण थोटा बुधवार को इटारसी पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस थाने का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात एसपी ने पत्रकारों से सौजन्य भेंट की और शहर की कानून व्यवस्था सहित विभिन्न सामाजिक व बुनियादी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने इटारसी के नागरिकों की जागरूकता और यहां के शैक्षणिक स्तर की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

### जागरूक नागरिक और खेल का अच्छा माहौल

पत्रकारों से चर्चा करते हुए एसपी साईंकृष्ण थोटा ने कहा कि इटारसी के लोग अत्यंत सक्रिय हैं और यहां शिक्षा का स्तर बहुत बेहतर है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यहां के लोगों में कानूनी जागरूकता अधिक है। तुलनात्मक रूप से उन्होंने कहा कि वे पूर्व में पन्ना जिले में पदस्थ थे, उसकी अपेक्षा नर्मदापुरम जिला काफी उन्नत है। उन्होंने शहर में खेल के प्रति उत्साह को भी सराहा और कहा कि यहां स्पोर्ट्स का माहौल बहुत अच्छा है।

### उद्योग की कमी और पुलिस बल की चुनौती

शहर की जरूरतों पर बात करते हुए एसपी ने माना कि इटारसी में बड़े उद्योगों (इंडस्ट्री) की कमी है, जिसके कारण रोजगार के लिए लोगों को भोपाल जाना पड़ता है। उन्होंने यहां इंडस्ट्री की स्थापना को बेहद जरूरी बताया। पुलिस विभाग में बल की कमी के सवाल पर उन्होंने स्पष्ट किया कि यह शासन स्तर का मामला है। पूरे जिले में वर्तमान में लगभग 500 पुलिसकर्मियों की कमी है, हालांकि अन्य जिलों की तुलना में यहां स्थिति फिर भी बेहतर है।

### पत्रकारों ने उठाए जनहित के मुद्दे

चर्चा के दौरान पत्रकारों ने एसपी का ध्यान शहर की प्रमुख समस्याओं की ओर आकर्षित किया, जिनमें मुख्य रूप से पुलिस कॉलोनी में बच्चों के लिए खेल और मनोरंजन के साधनों की उपलब्धता। नाला मोहल्ला क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस थाना की आवश्यकता, शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार और पुलिस बल की कमी को दूर करने के प्रयास शामिल हैं।

### नयायार्ड मर्डर केस, तकनीकी जांच जारी

पिछले दिनों नयायार्ड रोड पर हुए मर्डर केस के संबंध में एसपी ने कहा कि पुलिस पूरी गंभीरता से तफ्तीश कर रही है। हालांकि अभी तक पुलिस किसी अंतिम नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है, लेकिन तकनीकी तौर पर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करने का प्रयास करेगी। एसपी ने यह भी कहा कि इटारसी में अपराध की प्रकृति अराजकता वाली नहीं है, जो एक सकारात्मक संकेत है।

# डीपीसी डॉ जायसवाल को महासरस्वती सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षा विभाग के जिला परियोजना समन्वयक डॉ राजेश जायसवाल को इस साल का महासरस्वती सम्मान दिया गया है। यह सम्मान प्रतिवर्ष अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा द्वारा दिया जाता है। ज्ञात रहे कि सम्मान नर्मदा जयंती के अवसर पर जगन्नाथ मंदिर में दिया जाता है, लेकिन डॉ जायसवाल उस दिन व्यस्तताओं के चलते पहुंच नहीं सके थे। इस कारण यह सम्मान बुधवार को समेरिटंस विद्यालय में मंदिर के ठाकुर राजा द्वारा प्रदान किया गया। ज्ञात रहे कि इस वर्ष महाकाली सम्मान डॉ हर्षल कावरे, महा लक्ष्मी सम्मान सुरेश अग्रवाल माखननगर और महा दुर्गा सम्मान बनखेड़ी के पूर्व सैनिक निरंजन वैष्णव को दिया गया है।

इस अवसर पर डॉ जायसवाल ने कहा कि यह सम्मान मैं भगवान के चरणों में समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रभु के प्रेरणा से ही श्रेष्ठ कार्य होते हैं। जीवन में हमें सदैव अच्छे कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ शर्मा के अलावा प्राचार्य प्रेरणा रावत, कॉर्डिनेटर आरके सिंह सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया जबकि आभार रावत ने व्यक्त किया।

# ओडीसी नृत्य की भंगिमाओं, मुद्राओं व भावार्थ की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुधवार को स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल परिसर में स्पिक-मैके के सहयोग से एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यशाला-सह-डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा विधिवत सरस्वती पूजन के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण कला, संस्कृति और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय ओडिसी नृत्यांगना लावण्या घोष तथा स्पिक-मैके के कोऑर्डिनेटर सुनील बाजपेई उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा दोनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नृत्यांगना सुश्री घोष ने विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय ओडीसी नृत्य की विभिन्न भंगिमाओं, मुद्राओं एवं उनके भावार्थ की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और जिज्ञासा के साथ इस कार्यशाला में भाग लिया। प्रशिक्षण के पश्चात बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य भंगिमाओं ने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपने उद्बोधन में स्पिक-मैके के कोऑर्डिनेटर सुनील बाजपेई ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की।

# परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



आईटीआरसी से पंजीकृत संस्था साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर, पचमढ़ी द्वारा डीसीए, एडीसीए और पीजीडीसीए के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। इस अवसर पर आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री पवन झा एवं अध्यक्षता कांग्रेस मंडल अध्यक्ष श्री सुनील शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अब्दुल गनी, मनीष गुप्ता, उमेश बरैया सहित सविता साहू, किशन लाल उईके, शाहजहाँ मैडम व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। परिणाम घोषणा से पूर्व मेथोडिक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

### परिणाम एक नजर में

प्रथम सेमेस्टर में योगिनी नायडू व द्वितीय में रोशनी ने बाजी मारी। प्रथम सेमेस्टर में मरियम कुरैशी व शौर्य नायडू, द्वितीय में काजल प्रथम रहीं। प्रथम सेमेस्टर में रियाशु उईके और द्वितीय में प्राची व राजेंद्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 'मिस्टर परफेक्ट' का खिताब निखिल धुर्वे और 'मिस परफेक्ट' काजल श्रीवास को दिया गया। सेंटर मैनेजर मनीषा मंसूरिया को 'बेस्ट डायरेक्टर ऑफ द ईयर' से नवाजा गया।

### सम्मान और आभार

संस्था के संचालक मोहम्मद इश्तियाक खान ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रौनक, अर्सलान, दीक्षा, पवन, आयुष और अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। अंत में संचालक द्वारा सभी अभिभावकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### मिलेट फेस्टिवल सह आजीविका उत्पाद मेला का समापन

**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा नेशनल पार्क के मढ़ई गेट पर जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय मिलेट फेस्टिवल सह आजीविका उत्पाद मेला का समापन हुआ। इस मेले में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए 'श्री अन्न' के व्यंजन और हस्तनिर्मित उत्पादों ने देशी-विदेशी पर्यटकों का मन मोह लिया। फेस्टिवल में ज्वार, कोदो और कंगनी से बना पोहा, मक्के और ज्वार की रोटी, सरसों का साग, मशरूम की सब्जी, रागी उपमा, मुंगोड़े, मिलेट की खीर और तिल के लड्डू जैसे व्यंजनों का पर्यटकों ने आनंद लिया।

हैंडीक्राफ्ट्स, बैग्स, खिलौने, सजावटी उत्पाद, मूर्तियां, रसायन रहित दालें, बासमती चावल, मशरूम, आचार, पापड़, चिप्स और बड़ी की बिक्री भी हुई। फूलों से बनी ईको-फ्रेंडली अगरबत्ती, वर्मी कंपोस्ट, खाद और जैविक कीटनाशक भी आकर्षण का केंद्र रहे। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले ने महिला समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम किया।

### मौसम खुलते ही ठंड का एक दौर अभी और आएगा, पचमढ़ी में रहा घना कोहरा

# सीजन का पहला मावठा, पिपरिया में हल्के ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/पचमढ़ी

जिले में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात मौसम का मिजाज अचानक बदला और कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। वहीं पिपरिया क्षेत्र में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हुई। रात करीब 12.30 बजे जिले में इटारसी, पिपरिया, नर्मदापुरम में कहीं मध्यम तो कहीं तेज बारिश दर्ज की गई। पिपरिया क्षेत्र में कुछ देर के लिए बारिश के साथ चने आकार के ओले भी गिरे। हालांकि इस बारिश से फसलों को नुकसान होने का अनुमान नहीं है।

### खुलेगा मौसम, आज कोहरा, कल से तेज ठंड का अनुमान



मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव का कहना है कि बीती रात नर्मदापुरम जिले में कई स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में मौसम साफ होगा। गुरूवार को घना कोहरा रहने के आसार है। इसके बाद बादल छटते ही हल्की ठंड भी बढ़ेगी। बुधवार को नर्मदापुरम का न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं पचमढ़ी में रात के पारे में गिरावट के बाद पारा 6.2 पर ठहरा।

**बारिश के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| नर्मदापुरम | 4.2 मिमी |
| पचमढ़ी– | 1.2 मिमी |
| सोहागपुर | 6.0 मिमी |
| डोलरिया | 0.2 मिमी |
| इटारसी | 5.4 मिमी |
| सिवनी मालवा | 0.2 मिमी |
| पिपरिया | 14.2मिमी |
| बनखेड़ी | निरंक |

### अवैध रूप से शराब ले जा रहे बदमाश धराए

**नर्मदापुरम।** शहर के बड़ी पहाड़ियां क्षेत्र में मंगलवार को बदमाशों से एक जुपिटर सहित 7 हजार रुपए की दो पेटी शराब जप्त करने की कार्यवाही की गई। आरोपी अवैध रूप से शराब खपाने के लिए ले जा रहे थे। देहात थाना की वरिष्ठ आरक्षक जितेंद्र राजपूत ने बड़ी पहाड़िया के पास आरोपी आकाश धुर्वे डोंगरवाड़ा, संदीप केवट पीली खंती, लखन कहार ग्राम रायपुर से यह शराब जप्त करने की कार्यवाही की। इसके साथ ही टीवीएस जूपिटर काले रंग की और दो पेटी अवैध शराब जिसकी कीमत 7 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की नजर अवैध शराब का धंधा करने वालों पर है।

# कलचुरी कलार समाज ने मनाया हल्दी-कुमकुम पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

क्षेत्र में कलचुरी कलार समाज की महिलाओं द्वारा परंपरागत हल्दी-कुमकुम पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी-कुमकुम लगाकर सुख-समृद्धि की कामना की और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक उखाने बोले गए सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्पा, कांता, संगीता, संजू, मंजू, कंचन सोनाली, रीना, शोभा, अर्चना, भारती चौकसे, शशि राय, टीना परसानिया, मोना शिवहरे सहित अनेक सामाजिक महिलाएं शामिल हुईं।

## खबर संक्षेप

### बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौत

**बैतूल।** झल्लार थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुल्लर ढाणा के पास सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बेल ढाना, थाना भैंसदेही निवासी सतीश डिकारे (20 वर्ष) अपने साथी अभिषेक गुणवंत राव (22 वर्ष) के साथ बाइक से जा रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सडक़ पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत भैंसदेही के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। अभिषेक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं सतीश को भी जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि उसके पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और सतीश ही अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने सतीश का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। झल्लार थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, जिला अस्पताल से तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### पत्तियां तोड़ने पेड़ पर चढ़ी महिला की करंट लगने से मौत

**बैतूल।** बैतूल बाजार थाना क्षेत्र के हणोतिया गांव में एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत में काम कर रही एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है और परिजन गहरे सदमे में हैं। मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय कमलती पति पंजाब राव परते खेत में बकरियों के लिए पत्तियां तोडऩे पेड़ पर चढ़ी थीं। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरने लगीं। गिरते समय उन्होंने खेत के पास से गुजर रही बिजली की मेन लाइन का तार पकड़ लिया। तार में तेज करंट होने के कारण महिला को जोर का झटका लगा और वह जमीन पर गिर पड़ीं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों और खेत मालिक ने तुरंत महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस चौकी के माध्यम से शव का पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### स्कूली बच्चों और नागरिकों को किया जा रहा जागरूक

**बैतूल।** जिले में आयुष विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आयुष चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी देकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पहला सुख निरोगी काया के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है।

## नई खदानों से 10 लाख घनमीटर निकलेगी रेत, सिया की अनुमति मिलना बाकी

# जिले में शुरू होगी रेत की 15 नई खदानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में जल्द ही 15 नई रेत खदानें शुरू होने वाली हैं। इन खदानों के खुलने से शासन के राजस्व में वृद्धि होगी और अनुमान है कि जिलेवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। बताया जा रहा है कि खनिज विभाग ने जिले में रेत खदानों को चिह्नित कर रेत खदान घोषित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। माइनिंग प्लान भी एप्रवु हो चुका है और सर्वे रिपोर्ट भी बन चुकी है। अब इसे पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए सिया (स्टेट लेवल इम्पेक्ट असेस्मेंट अथॉरिटी) को भिजवाया जाएगा। सिया की अनुमति मिलते ही इन खदानों से रेत निकालना शुरू हो जाएगा।

बता दे कि वर्तमान में जिले में 32 रेत खदानें चल रही हैं। इन नई रेत खदानों के शुरू होने पर इनकी संख्या 47 ही जाएगी। इससे शासन को मिलने वाला राजस्व तो बढेगा ही, अवैध रेत खनन पर भी रोक लगेगी। जिले की नदियों में कई स्थान ऐसे हैं, जहां पर बड़ी मात्रा में रेत होती है, लेकिन उन्हें खदान घोषित नहीं किया गया। इसके चलते उन स्थानों को बतौर खदान नीलाम भी नहीं किया जाता। इससे शासन को राजस्व का खासा नुकसान होता है। यही कारण है कि समय-समय पर ऐसे स्थानों को चिन्हित कर इन्हें विधिवत रूप से रेत खदान घोषित कर नीलाम किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। विधिवत खदान घोषित हो जाने से इन्हें बाकायदा नीलाम किया जा सकता है और शासन को राजस्व प्राप्त होगा।

### शासन को मिलने वाले राजस्व में होगी वृद्धि

जिले में वर्तमान में 32 रेत खदान है। बैतूल खनिज विभाग के उप संचालक मनीष पालेवार ने बताया कि इन रेत खदानों से शासन को रायल्टी के रूप में करीब 30 करोड़ रूपये का राजस्व हासिल होता है। यदि नई 15 रेत खदाने खुलेगी तो संभवतः शासन को मिलने वाले राजस्व में वृद्धि होगी। बताया जा रहा है कि जिले के शाहपुर, चिचोली और घोड़ाडोंगरी ब्लॉक में तवा, लोहार, भड़ंगा, मोरंड, माचना नदी में रेत का पर्याप्त भंडार है। इन नदियों पर वैसे तो खनिज विभाग की वैध खदानें हैं, लेकिन जिले की कुछ नदियों से अवैध तरीके से रेत भी निकाली जाती है, जो खनिज विभाग के रिकॉर्ड में शामिल नहीं हैं। यहां से खनिज माफियाओं द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर रेत बेचते है। इससे शासन को राजस्व नहीं मिलता। लेकिन नई रेत खदानों में यह शामिल होती है तो शासन को राजस्व का लाभ मिलेगा।

### अभी जिले में रेत की 32 खदानें संचालित

पहले जिले में रेत की 42 खदाने थी, हालांकि इसमें से कुछ रेत खदानों को सिया की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके चलते इन खदानों को बंद कर दिया गया। शेष 32 खदानों से वर्तमान में रेत निकाली जा रही है। अब 15 नई खदानों को मंजूरी मिलने के बाद जिले में खदानों को संख्या बहकर 47 हो जाएगी। इससे रेत भी अधिक मात्रा में निकाली जा सकेगी। नई खदानों को नवंबर माह में मंजूरी मिली थी। इसके बाद स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन ने माइनिंग प्लान बनाया, जिसे एप्रुवल मिल चुका है। इसके बाद सर्वे रिर्पोट भी तैयार हो चुकी है। जिले के कुछ नागरिकों का अनुमान है कि नई खदानों के खुलने से जिले में रेत की कीमतों में थोड़ा फर्क आयेगा यानि वर्तमान में अपेक्षा रेत के दामों में कमी आ सकती है। हालांकि अभी इस बारे में स्पष्ट कुछ नहीं कहा सकता है कि नई खदाने खुलने के बाद रेत के दाम कम होगे या नहीं।

### तीन ब्लाक में यह 15 खदानें होगी शुरू

बताया जा रहा है कि जिले में जिन 15 नई खदानों को मंजूरी मिली है, उसमें शाहपुर ब्लाक में चिखलीरैयत पंचायत में मोरंड नदी पर तेंदूखेड़ा खदान, पाठई पंचायत में माचना नदी पर पाठई खदान, गुवाड़ी पंचायत में तवा नदी पर गुवाड़ी-1, गुवाड़ी-2, गुवाड़ी-3 ओर डेंडुपुरा 1 खदान, डाबरी पंचायत में मोरंड नदी पर डाबरी खदान, भौंरा पंचाय में तवा नदी पर गुरगुंदा-1 और गुरगुंदा-2 खदान तथा घोड़ाडोगरी ब्लाक की बंजारीढाल पंचायत में भडंगा नदी पर चिचडोल रैयत खदान, सातलदेही पंचायत में तवा नदी पर बांसपुर खदान, नूतनडंगा पंचायत में भडंगा नदी पर हिरनघाटी खदान, सातलदेही पंचायत में लोहर नदी पर कैली रैयत खदान और चिचोली ब्लाक में खपरिया पंचायत में मोरंड नदी पर खपरिया उर्फ परसदा-1 और 2 खदान शामिल है। इन खदानों का कुल रकबा 55,360 हेक्टेयर है और इनसे 9 लाख 99 हजार 847 घनमीटर रेत निकाली जा सकेगी।

### अभी मौजूदा कंपनी को 10 लाख घनमीटर का ठेका

जिले में नई खदानों को सिया की अनुमति मिलने के बाद अभी इनको नीलाम नहीं किया जायेगा। जिसके पीछे यह कारण बताया जा रहा है कि पुरानी कंपनी को 10 लाख घनमीटर क्षमता की खदानें दी गई थी, लेकिन इतनी रेत निकल नहीं पा रही हैं। इसके चलते खदान उसी कंपनी को दी जाएगी। कंपनी ने 27 करोड़ 27 लाख रुपये में जिले की खदानों का ठेका लिया था। यह राशि हर साल 10 प्रतिशत बढ़ जाती है। बताया जा रहा है कि इस साल नवंबर माह में यह ठेका समाप्त हो रहा है। कंपनी चाहे तो इसे दो साल के लिए आगे और बढ़ा सकती है। हालांकि नई खदानों को लेकर अधिकारियों का कहना है कि अभी नई रेत खदानों को शुरू होने में समय लगेगा। करीब दो से तीन माह की अवधि भी लग सकती है।

#### स्वीकृति मिली थी

जिले में 15 नई खदानों को नवंबर माह में स्वीकृति मिली थी। इसके बाद स्टेट माइनिंग कॉर्पोरेशन ने माइनिंग प्लान बनाया, जो कि अप्रुव हो चुका है। सर्वे रिपोर्ट भी बनाई जा चुकी है। सिया की अनुमति मिलते ही नई खदाने शुरू कर दी जायेगी। इसमें दो से तीन माह का समय लग सकता है। अभी जिस कंपनी का ठेका है, उसे 10 लाख घनमीटर रेत का ठेका मिला हुआ है।
**- मनीष पालेवार**, उप संचालक, खनिज

## बाइक सवार दंपती की दर्दनाक मौत

### टायर फटने से गोभी से भरा ट्रक पलटा, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

छिंदवाड़ा मार्ग पर बुकाखेड़ी बांध के पास एक भीषण सडक़ हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक, क्लीनर सहित तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब गोभी से भरा ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुलताई से गोभी भरकर एक ट्रक छिंदवाड़ा की ओर जा रहा था। बुकाखेड़ी बांध के समीप ट्रक का अचानक टायर फट गया, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। हादसे में बाइक पर सवार श्याम (45 वर्ष) एवं उनकी पत्नी मोनिका (40 वर्ष), निवासी भरकावाड़ी, ट्रक के नीचे दब गए। दोनों घोड़ा पिपरिया में तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रक में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रक चालक और क्लीनर को भी चोटें आई हैं। इसके अलावा ट्रक से गिरकर घायल हुए मनीष पिता पूर्णलाल (23 वर्ष), निवासी गजानन बस, को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल मुलताई में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार मोनिका को अस्पताल लाने से पहले ही मृत घोषित कर दिया गया था, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### रेलवे ट्रैक के बीच गड्ढे में मिला अज्ञात युवक का शव, पहचान नहीं हो सकी

**भौंरा।** मंगलवार को रेलवे ट्रैकमैन राजवीर चौधरी द्वारा पुलिस चौकी भौंरा को सूचना दी गई कि रेलवे स्टेशन मगरडोह और ढोडरामोहर के बीच ग्राम मगरडोह क्षेत्र में अप-डाउन रेलवे लाइन के मध्य स्थित गड्ढे में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीरज खरे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर देहाती मर्ग इंटिमेशन कायम किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 25 से 35 वर्ष के बीच आंकी गई है। मृतक के शरीर पर परपल रंग की हाथ से बुनी हुई स्वेटर, सफेद-काले रंग की प्रिंटेड शर्ट, शर्ट के अंदर नीले रंग की हाफ टी-शर्ट, नीचे काले रंग का लोअर पैंट तथा पैंट के अंदर काले-सफेद रंग का अंडरवियर पहना हुआ था। मृतक के दाहिने हाथ की कलाई पर काले रंग का धागा बंधा हुआ था। दोनों पैरों में काले रंग के मोजे एवं काले रंग के जूते पाए गए। पुलिस द्वारा मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज, मोबाइल फोन या अन्य कोई सामग्री नहीं मिली। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शव कई दिनों से खुले में पड़ा होने के कारण चेहरे का हिस्सा कीड़ों द्वारा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे मृतक की पहचान नहीं हो पा रही है। घटनास्थल एवं शव का एफएसएल टीम बैतूल द्वारा निरीक्षण कराया गया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। पहचान नहीं हो पाने के कारण नियमानुसार अज्ञात मृतक के शव को दफन किया गया। इस संबंध में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नीरज खरे ने बताया कि मामले में मर्ग जांच जारी है। आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही मृत्यु के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

## सुकमा में मिली सफलता पर सम्मान

### सीआरपीएफ जवान संतोष कुमार दुबे को गृहमंत्री दक्षता पदक

**बैतूल।** जिले के कोथलकुंड गांव के सीआरपीएफ जवान मुख्य आरक्षक संतोष कुमार दुबे को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गृहमंत्री दक्षता पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के घने जंगलों में चलाए गए 15 दिन के लंबे नक्सल विरोधी अभियान में उल्लेखनीय भूमिका निभाने और अभियान को सफल बनाने के लिए प्रदान किया गया है।



इस ऑपरेशन के दौरान कई नक्सलियों को मार गिराया गया था और सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली थी। मुख्य आरक्षक संतोष कुमार दुबे की इस उपलब्धि से पूरे बैतूल जिले, विशेषकर उनके गृह ग्राम कोथलकुंड में हर्ष और गर्व का माहौल है। उनके सम्मान पर दुबे परिवार सहित क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है। संतोष कुमार दुबे को बधाई देने वालों में उनके चाचा श्याम नारायण दुबे, माता कौशल्या दुबे, बड़े भाई रमाकांत दुबे, जनार्दन दुबे, पंकज दुबे एवं नीरज दुबे शामिल हैं। इसके अलावा ग्रामवासी और क्षेत्रवासी भी देश की सेवा में उनके साहस और समर्पण पर गर्व महसूस कर रहे हैं। संतोष कुमार दुबे की इस सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

## महिला पतंजलि योग समिति का जिला स्तरीय महिला सम्मेलन



**बैतूल।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में कल 30 जनवरी को जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे जिला कार्यालय रामाश्रय परिसर, रानीपुर रोड बैतूल में आयोजित होगा। इस अवसर पर परम श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी की शिष्या, महिला पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से साध्वी देवादिति दीदी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। जिला योग प्रभारी संगीता अवस्थी ने बताया कि साध्वी देवादिति दीदी ने संन्यासी जीवन की पराकाष्ठा पर पहुंचकर समाज, हिंदुत्व और सनातन के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है। वे योग, आयुर्वेद और स्वदेशी की क्रांतिकारी विचारधारा के माध्यम से समाज की महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनाने का संदेश देंगी। उनके सानिध्य में महिलाओं को योग के जरिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक जीवन को संवारने की प्रेरणा मिलेगी। महिला पतंजलि बैतूल की मीडिया प्रभारी हर्षा मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस जिला स्तरीय सम्मेलन में अधिक से अधिक माताएं और बहनें शामिल होकर साध्वी देवादिति दीदी के विचारों से लाभ लें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक घोड़ाडोंगरी से श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके, महिला राज्य प्रभारी डॉ. पुष्पांजलि शर्मा उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा साध्वी देवादिति दीदी के अन्य कार्यक्रम भी निर्धारित हैं। 30 जनवरी को दोपहर 12 बजे शाहपुर महाविद्यालय में तथा 31 जनवरी 2026 को बैतूल गर्ल्स कॉलेज में दोपहर 1 बजे उनका कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी महिलाओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

घोड़ाडोंगरी-शाहपुर में छात्रावास खोलने की मांग

## बैतूल के कुड़मी समाज ने डॉ. कुसमरिया से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व कृषि मंत्री पूर्व सांसद डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया से बैतूल जिले का कुर्मी समाज संगठन के पदाधिकारियों ने पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग कार्यालय में भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने घोड़ाडोंगरी-शाहपुर विकास खंड स्तरीय में पिछड़ा वर्ग के निर्धन बालक बालिकाओं के छात्रावास खोलने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने डॉ. कुसमरिया को बताया कि घोड़ाडोंगरी-शाहपुर क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था बहुत ही खराब है, जिसके कारण उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए, संगठन ने घोड़ाडोंगरी-शाहपुर में एक छात्रावास खोलने की मांग की है, जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके। डॉ. कुसमरिया ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वे उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाएंगे और जल्द से जल्द शाहपुर में छात्रावास खोलने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा, कुड़मी समाज के बच्चों के सेंट्रल जाति प्रमाण पत्र बनाने में असुविधा होने के कारण राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया से मुलाकात की गई। इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष ने बताया कि केंद्र सरकार को पूर्व में पांच जातियों को केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए अनुशंसा कर भेजा गया है, जो कि लोकसभा और राज्यसभा में पारित करने के लिए रखा गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही कुड़मी समाज को केंद्रीय सूची में जोडऩे की कार्यवाही की जा रही है, जिससे कुड़मी समाज के बच्चों को सेंट्रल जाति प्रमाण पत्र बनाने में असुविधा न हो। साथ ही, डॉ. कुसमरिया को बैतूल आने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीकेश पटेल, सतपुड़ा कुर्मी जागृति संघ अध्यक्ष हरिराम पटेल, रामावतार वर्मा, विनोद चौरे, अशोक मलैया, नवील वर्मा उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा के साथ हुआ आगाज़

### भक्ति और श्रद्धा के साथ श्री ताप्ती सूर्य महायज्ञ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

श्रीराम मंदिर मेला ग्राउंड, स्टेशन रोड, मुलताई में आयोजित श्री ताप्ती सूर्य महायज्ञ का बुधवार को भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के वातावरण में भव्य एवं दिव्य शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुषों ने सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा मंगल गीत गाए गए, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों से संपूर्ण नगर भक्तिमय हो उठा। इसी अवसर पर श्रद्धालुओं ने माँ ताप्ती को श्रद्धा स्वरूप पावन चुनरी अर्पित की, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। आयोजकों ने बताया कि श्री ताप्ती सूर्य महायज्ञ का आयोजन 28 जनवरी 2026 (बुधवार) से 3 फरवरी 2026 (मंगलवार) तक किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन यज्ञ, हवन, पूर्णाहुति, महाआरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान के साथ संपन्न होंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर में सम्मिलित होकर यज्ञ दर्शन एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। नगर में चल रहे इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं उल्लास देखा जा रहा है।

## भाजपा सरकार की सद्बुद्धि के लिए कांग्रेसियों ने शुरू किया सुंदरकांड

### मुलताई नगर में प्रतिमाह मंगलवार को होगा आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

भाजपा सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने एवं विभिन्न जनहित और धार्मिक मुद्दों को लेकर विरोध प्रकट करने के उद्देश्य से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुलताई द्वारा नगर में प्रतिमाह मंगलवार की रात्रि सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इस श्रृंखला का शुभारंभ बीती रात मंगलवार को रात्रि में बस स्टैंड स्थित प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में विधिवत सुंदरकाण्ड पाठ के साथ किया गया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि प्रयागराज में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर सनातन धर्म के प्रमुख चार शंकराचार्यों में से एक जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज एवं उनके साथ उपस्थित साधु-संतों पर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा लाठीचार्ज किया गया तथा उन्हें पवित्र स्नान से रोका गया, जो अत्यंत निंदनीय है। इसी के विरोध में एवं यूजीसी कानून को वापस लेने, गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने, भ्रष्टाचार, महंगाई, गौ-हत्या पर रोक लगाने तथा सनातन धर्म की रक्षा जैसे मुद्दों को लेकर यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी संजय यादव एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार दोहरे मापदंड और दोहरे चरित्र की नीति पर चल रही है। इस सरकार के कार्यकाल में अराजकता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गौ-हत्या, सनातन धर्म को क्षति, साधु-संतों के साथ अभद्रता एवं मारपीट जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने के उद्देश्य से सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह सुंदरकाण्ड पाठ अब प्रति माह प्रत्येक मंगलवार को नगर के प्रमुख मंदिरों एवं चौराहों पर आयोजित किया जाएगा।

## शिविर में आए 25 आवेदन

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्ड 17 में लगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभआम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार 28 जनवरी को वार्ड 17 में शिविर आयोजित किया गया। इसमें 25 आवेदन प्राप्त हुए। मुख्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड 17 में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वार्ड पार्षद गणेश महस्की, प्रभारी जीएस पांडे, राजेश बगाहे, योगेश धोटे, लक्ष्मण पंडाग्रे, रंजीत डोंगरे समेत अन्य लोग उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 25 आवेदन प्राप्त हुए। इनका त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 15 फरवरी तक लगातार शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### मां ताप्ती जन्मोत्सव पर 20 जुलाई को स्थानीय अवकाश घोषित

**बैतूल।** मां ताप्ती जन्मोत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन ने स्थानीय अवकाश की तिथि में आंशिक संशोधन किया है। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब मां ताप्ती जन्मोत्सव पर 21 जुलाई 2026 दिन मंगलवार के स्थान पर 20 जुलाई 2026 दिन सोमवार को स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश जिले के कोषालय एवं उपकोषालयों को छोडक़र समस्त शासकीय कार्यालयों में लागू होगा।

**CHANGE OF NAME**

I, Smt. **MINAKSHI** is legally wedded widow of JC-461723 Nb Sub (Late) Gurudayal Sahu resident of House No.- 175/1, VPO- Bishroor, Teh.-Multai, Distt.-Betul(MP) have changed my daughter's name from **VANITA** to **VINITA SAHU** with DOB is **13-11-2011** (Thirteen November Two Thousand Eleven), vide Affidavit dated 28/01/2026 before Notary Betul, Distt.-Betul (MP)

### नवाचार: पीड़ितों को समय पर सीपीआर व प्राथमिक उपचार से मिलेगी नई जिंदगी

# सड़क दुर्घटनाओं में मृत्युदर कम करने प्रयास, थाना स्तर पर वाटसअप ग्रुप बनेंगे

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, मृत्युदर में कमी लाने एवं घायलों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नर्मदापुरम पुलिस द्वारा एक सराहनीय नवाचार की शुरुआत की गई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में दुर्घटनाओं की रोकथाम, मृत्युदर में कमी लाने एवं घायलों को राहत या सहयोग की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस थोटा के निर्देशानुसार जिले के दुर्घटना बहुल क्षेत्र में निवासियों को सीपीआर एवं अन्य ट्रेनिंग दिये जाने का नवाचार प्रारंभ किया गया है, ताकि दुर्घटना उपरांत सहायता आने में लगने वाले समय के दौरान आवश्यकता पड़ने पर उनके द्वारा प्राथमिक उपचार, आवश्यकतानुसार सीपीआर दिया जा सके एवं बचाव के दौरान ध्यान में रखे जाने वाली सावधानी से अवगत कराया जा सके। निर्देश अंतर्गत थाना प्रभारी गण को अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत सामूदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो जिला चिकित्सालय से संपर्क स्थापित कर चिन्हित दुर्घटना बहुल क्षेत्रो में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है तथा निम्न बातो को ध्यान में रखा जा रहा है।

#### दुर्घटनाओं के दौरान क्या करें

दुर्घटना क्षेत्र के पास रहने वाले रहवासियों, दुकानदारों, व्यवसायियों एवं प्रतिष्ठानों में कार्य करने वालो को आवश्यक रूप से सीपीआर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दुर्घटना होने पर पीड़ित की स्थिति की अनुसार दिये जाने वाले प्राथमिक चिकित्सा के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक सहयोग किया जा रहा है। दुर्घटना की स्थिति में संपर्क किये जाने वाले आपातकालीन नम्बरों 108, हाईवे हेल्प लाइन नम्बर,1033, 1099 कंट्रोल रूम नंबर 7049101031, डायल 112 इत्यादि से अवगत कराया जा रहा है।

#### पीड़ित की स्थिति

दुर्घटना के उपरांत वाहन की स्थिति एवं पीड़ित की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, पीड़ितों का बचाव करते समय ध्यान में रखने वाली सावधानी से अवगत कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्य के दौरान सड़क दुर्घटना से संबंध विभिन्न योजनाएं जैसे राहवीर योजना, हिट एन्ड रन योजना, कैश लेस योजना इत्यादि का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, और यातायात नियमों से आमजन को जागरूक किया जा रहा है ।

#### प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएंगे

डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा ने बताया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में दुर्घटना बहुल क्षेत्रो में प्रशिक्षण प्राप्त एवं सहयोगी व्यक्तियो का थाना स्तर पर एक वाटसअप ग्रुप सड़क सुरक्षा सहयोगी के नाम से बनाया जा रहा है एवं ऐसे अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जा रहा है ,ताकि दुर्घटना होने की स्थिति में तत्काल दुर्घटना की सूचना प्राप्त हो सके एवं बचाव हेतु संबंधित विभागों से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई की जा सके। प्रत्येक थानो पर अलग अलग चरणो में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किये जायेंगे ताकि अधिक से अधिक स्थानों के अधिकतम लोगों को इस अभियान से जोड़ा जा सके एवं दुर्घटना उपरान्त बचाव की कार्यवाही त्वरित गति से क्रियान्वित कर मृत्य दर में कमी लाई जा सके।

# मुंह में चम्मच रखकर दौड़े जपं अध्यक्ष नपाध्यक्ष, पार्षद व अधिकारी-कर्मचारी

### नप कार्यालय परिसर में आनंद उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



मप्र सरकार द्वारा आमजनों के जीवन में आनंद के लिये आनंदोत्सव मनाए जाते हैं। यह कार्यक्रम गत दिवस सोहागपुर नप कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं की गईं। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सभी ने नौकरी सहित अन्य कामकाजी तनाव से मुक्त होकर आनंद उठाया। आयोजन के अंत में जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल व नपाध्यक्ष लता पटेल की उपस्थिति में विजेताओं को प्रमाण पत्र दिये गए।

#### ये रहे परिणाम

बालक दौड़ में नीरज कुशवाहा प्रथम, यशराज मिस्त्री द्वितीव व इंद्रेश मौर्य तृतीय स्थान पर रहे। बालिका दौड़ में सुहाना प्रथम, आराध्या द्वितीय व खुशबू प्रजापति तृतीय रहे। अधिकारी कर्मचारी वर्ग 100 मीटर दौड़ में जपं सीईओ प्रबल अरजरिया प्रथम, नपकर्मी दीपक डोंगरे द्वितीय एवं शिक्षक रामसागर प्रजापति तृतीय स्थान पर रहे। बोरा दौड़ में मोहम्मद बिलाल प्रथम, विग्नेश पस्टारिया द्वितीय व सिद्धांत ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। बोरा दौड़ बालिका वर्ग में संध्या पटेल प्रथम, सुहाना द्वितीय एवं आशा ठाकुर तृतीय रहे। चम्मच दौड़ में जपं सीईओ प्रबल अरजरिया विजेता रहे। चम्मच दौड़ बालिका वर्ग में रुक्मणी प्रथम, रोशनी परमार द्वितीय व भाग्यश्री मेहरा तृतीय स्थान पर रहे। जनप्रतिनिधियों की चम्मच दौड़ में भाजपा नेत्री संध्या नागवंशी प्रथम एवं नपाध्यक्ष लता पटेल द्वितीय स्थान पर रहीं।

## भव्य कलश यात्रा और हिंदू सम्मेलन के साथ गूंजा जय श्रीराम




**इटारसी।** स्थानीय श्री कृष्ण बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर एकता और भक्ति का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12 बजे पुराने जबलपुर गेट, बंगलिया स्थित प्राचीन माँ दुर्गा, भगवान शंकर और हनुमान मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। सिर पर मंगल कलश धारण किए मातृशक्ति और जयघोष करते युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों, विशेषकर वार्ड क्रमांक 8, 6, 9 और 10 से होते हुए पशुपतिनाथ धाम मंदिर परिसर पहुंची। रास्ते भर पुष्पवर्षा और 'जय श्रीराम' के नारों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्र में गोद भराई व हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया

### गर्भवती महिलाओं को दिए स्वस्थ रहने के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना इटारसी के अंतर्गत सेक्टर 4, वार्ड 19-20, केंद्र 137 में सामूहिक गोद भराई एवं हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला के मार्गदर्शन और अटल बाल पालक रीना तिवारी व राखी दुबे के विशेष सहयोग से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वार्ड पार्षद गीता पटेल उपस्थिति रही। इस अवसर पर शासकीय चिकित्सक डॉ. कुलदीप राजपूत ने गर्भवती माताओं को प्रथम 1000 दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ मां ही स्वस्थ शिशु को जन्म देकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है। दिल्ली से आए लालन-पालन टीम के हर्षिता यादव और आदर्श श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य संबंधी प्रेरणादायक वीडियो दिखाए और हितग्राहियों से विस्तार से चर्चा की।




**योजनाओं की दी जानकारी**

परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। अंत में अतिथियों ने गर्भवती माताओं को आने वाले शिशु के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वार्ड की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

# आपत्ति पर कांग्रेस और मुस्लिम विकास परिषद के संगीन आरोप, ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इटारसी तहसील में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के दौरान एक सुनियोजित साजिश के तहत एक वर्ग विशेष के मतदाताओं को निशाना बनाने का आरोप लेकर मुस्लिम विकास परिषद और कांग्रेस ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिये हैं। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी और मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और निष्पक्ष जांच की मांग की।तहसील कार्यालय में आज उस समय अजीब स्थिति निर्मित हो गई जब कुछ ऐसे लोग भी पहुंचे जिनके नाम से आपत्तियां दर्ज कराई थीं। इन तथाकथित आपत्तिकर्ताओं का कहना था कि उनसे धोखे से कागजों पर हस्ताक्षर कराए हैं और उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं है कि उनके नाम का उपयोग किसी का वोट कटवाने के लिए किया जा रहा है। मुस्लिम विकास परिषद के नगर अध्यक्ष हाजी शेख रमजान ने पत्र के माध्यम से जिलाधीश को अवगत कराया कि पुश्तैनी निवासियों को गलत तरीके से निशाना बनाकर लोकतंत्र के अधिकार से वंचित करने का चक्रव्यूह रचा गया है।

मुस्लिम विकास परिषद के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय और नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने कड़े शब्दों में कहा कि विधानसभा क्षेत्र 137 और 138 में एक समुदाय विशेष को लक्षित करना न्यायसंगत नहीं है। चर्चा यह भी रही कि भाजपा को वोट न देने वाले मतदाताओं के नाम कटवाने की कोशिश की जा रही है। पांडेय ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि शांतिपूर्ण जिले में धर्म के आधार पर माहौल बिगाडऩे का प्रयास किया गया तो हम चुप नहीं बैठेंगे। एक भी पात्र मतदाता का नाम कटा तो आंदोलन होगा।

एसडीएम नीलेश शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य होगा। उन्होंने कहा, किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं काटा जाएगा। यदि जांच में आपत्तियां गलत पाई गईं, तो संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार सुनीता साहनी ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आपत्तिकर्ता और मतदाता दोनों को सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

# सनफ्लॉवर स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव संपन्न हुआ




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर के सनफ्लॉवर स्कूल में मंगलवार को खेल उत्सव 'जीत की रोशनी' संपन्न हुआ। जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। स्कूल डायरेक्टर्स दीपक साहू एवं संदीप साहू ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि रूप में क्षेत्रीय संत पं. प्रकाश मुदगल, नपाध्यक्ष लता पटेल, सेवानिवृत प्राचार्या तारा जायसवाल, समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, हरिहर सिंह राजपूत, पार्षद आशीष विश्वकर्मा, प्रदीप दुबे, बलबीर पवार, संध्या नागवंशी आदि उपस्थित थे। शाला परिवार की ओर से मिश्रीलाल साहू, महेश साहू, यशवंत साहू, माया साहू, त्रिवेणी साहू, गायत्री साहू, प्रवीण साहू ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ व पालकगण उपस्थित थे।

पं. प्रकाश मुदगल ने कहा कि सनफ्लॉवर स्कूल एक नव संस्कारित पीढ़ी तैयार कर रहा है। समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल ने कहा कि देश को भावी राष्ट्रवादी पीढ़ी देने का दायित्व शिक्षा केंद्रों का हैं।

# सोहागपुर विधायक ने की प्रदेशाध्यक्ष से सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने बुधवार को भोपाल स्थित लीला पैलेस निवास पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक विषयों एवं समसामयिक राजनीतिक मुद्दों पर आत्मीय चर्चा हुई। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल का मार्गदर्शन सदैव ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला रहा है। उनके अनुभव और विचार संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

# भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर द्वारा संचालित भारत उदय गुरुकुल स्कूल गूजरवाड़ा में सर्वप्रथम भारत माता की प्रतिमा का पूजन कर किया ध्वजारोहण विष्णु पटेल द्वारा किया इस अवसर ग्राम के गणमान्य नागरिक प्रताप सिंह यादव सरपंच, भगवान दास यादव जनपद सदस्य, देवनारायण यादव, सुरेश यादव,धरमदास साधराम, गौतम विंजौलिया, पुष्पेन्द्र पटेल एवं वरिष्ठ जन उपस्थित रहें। बच्चों द्वारा सामूहिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिन्हें माखननगर से पधारें वरिष्ठ समाजसेवीओं दीपक वर्मा, एवं अन्य अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर पुरस्कार दिए इस अवसर पर भारतीय सेना सेवा निवृत्त बृजमोहन यादव मानगांव एवं विजय शंकर यादव गूजरवाडा का सम्मान संस्था अध्यक्ष नीतिराजसिंह यादव, मनोज परसाई, हर्ष तिवारी, वीरेंद्र यादव,सतीश यादव, गेंदालाल यादव, शुभम्‌-गोस्वामी, शुभम्‌-यादव, रोहित यादव किशोर कहार, पूनमचंद यादव ने किया। इस अवसर पर रामकुमार दभाडिया, प्रदीप यादव, चंद्रमोहन यादव,रीता यादव, यशोदा यादव, वैशाली चौरे रक्षा यादव पूजा यादव पायल यादव जगदीश यादव रामस्नेही यादव आदि मौजूद रहे।




# रेल यात्रियों को राहत, इटारसी होकर वाराणसी- एर्णाकुलम चलेगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए वाराणसी से एर्णाकुलम के मध्य 01-01 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन होकर गुजरने वाली यह ट्रेन उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए बेहद मददगार साबित होगी।

#### ट्रेन का शेड्यूल और समय सारणी

रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में एक-एक फेरा लगाएगी। गाड़ी संख्या 04358 वाराणसी से एर्णाकुलम 30 जनवरी को वाराणसी से शाम 16.30 बजे प्रस्थान करेगी। अगले दिन सुबह 06.40 बजे इटारसी पहुंचेगी और तीसरे दिन रात 22 बजे एर्णाकुलम स्टेशन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी।

गाड़ी संख्या 04357 एर्णाकुलम से वाराणसी ट्रेन 03 फरवरी मंगलवार को एर्णाकुलम से रात 20.00 बजे रवाना होगी। तीसरे दिन सुबह 11.50 बजे यह इटारसी पहुंचेगी और चौथे दिन तड़के 03.00 बजे वाराणसी पहुंचेगी।

#### इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

अपनी यात्रा के दौरान यह गाड़ी प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, बैतूल, नागपुर, हिगनघाट, बल्हारशाह, बेलमपल्ली, जमीकुंटा, वारंगल, दोरनाकल, विजयवाडा, तेनाली, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर, पेरांबूर, कटपडी, जोलारपेटै, सेलम, इरोड, तिरुप्पूर, कोयंबतूर, पोद्नूर, पल्क्काकाड, ओटापल्लम, त्रिचूर एवं आल्वेन स्टेशनों पर रुकेगी।

# 227 करोड़ रुपए की बागरा शाखा नहर उद्धवहन सिंचाई योजना स्वीकृत हुई

### भोपाल पहुंचकर विधायक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 16 जनवरी को माखन नगर प्रवास के दौरान सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह द्वारा सागौत के तहत की गई मांग पर आज मुख्यमंत्री द्वारा केबिनेट की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व अंतर्गत सोहागपुर,बाबई ब्लॉक में विस्थापित ग्रामों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बागरा शाखा नहर की आरडी 15360 मीटर से जल उद्वहन कर लगभग 6000 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र में सिंचाई के लिए बागरा शाखा नहर उद्धवहन सिंचाई योजना को 227 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना से लगभग 50 विस्थापित ग्रामों एवं 30 राजस्व ग्रामों को स्थायी सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।



इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के तारतम्य में आज सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 300– 350 कार्यकर्ताओं एवं लाभान्वित किसानों ने विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री निवास, भोपाल पहुँचकर माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का साफा बाँधकर भव्य स्वागत किया तथा इस जनहितकारी निर्णय के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस घोषणा का तत्काल क्रियान्वयन प्रदेश के सिंचाई इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। इस योजना से पिपरिया विधानसभा सहित सोहागपुर क्षेत्र के सभी ग्रामों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

### स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस सेल के अंतर्गत स्वरोजगार प्रशिक्षण आयोजित

# ‘वेब डिजाइनिंग’ व ‘फिटनेस एंड वेलनेस’ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस सेल के अंतर्गत आयोजित दो अल्पकालीन स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों “वेब डिजाइनिंग” एवं “फिटनेस एंड वेलनेस” का समापन 28 जनवरी 2026 को प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 दिसंबर 2025 से 24 जनवरी 2026 तक संचालित किए गए।




समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में वेब डिजाइनिंग जैसे कौशल विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं फिटनेस और वेलनेस से संबंधित प्रशिक्षण स्वस्थ जीवनशैली के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करता है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करते हैं। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित न रहकर छात्राओं को व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करना है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से छात्राओं में आत्मविश्वास एवं व्यावसायिक दक्षता का विकास हुआ है। वेब डिजाइनिंग प्रशिक्षण के प्रशिक्षक सागर आहूजा ने कहा कि छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कौशल भविष्य में उनके करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। फिटनेस एवं वेलनेस प्रशिक्षण की प्रशिक्षिका मोना मिश्रा ने कहा कि फिटनेस आज केवल आवश्यकता ही नहीं बल्कि एक संभावनाशील करियर विकल्प भी है। छात्राओं ने योग, व्यायाम एवं स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विभिन्न पहलुओं को गंभीरता से सीखा है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी स्नेहांशु सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु समस्त स्टाफ, प्रशिक्षकों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के और अधिक रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## खबर संक्षेप

### आज लर्निंग लाइसेंस हेतु लगेगा शिविर

**हरदा।** कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, हरदा द्वारा 'संकल्प से समाधान योजना' के तहत नए लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यह शिविर 29 जनवरी को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय, हरदा में आयोजित किया जाएगा। इच्छुक नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने साथ आधार कार्ड और पहचान पत्र की एक प्रति अवश्य लाएं। इस कैंप में बालिकाओं के लिए लाइसेंस बनवाना निःशुल्क रहेगा, जबकि बालकों को निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

### पशुपालन एवं पशु कल्याण माह में कार्यक्रम होंगे

**हरदा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 14 जनवरी से 13 फरवरी तक 'पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह' मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा हरदा अजय रामटेके ने बताया कि 29 जनवरी को हितग्राही संगोष्ठी एवं युवा संवाद के तहत प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय उपसंचालक के सभाकक्ष में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना एवं मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के आवेदकों व हितग्राहियों के साथ संगोष्ठी होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक लाल बहादुर शास्त्री पशुपालन पत्रोपाधि महाविद्यालय हरदा में उन्नत पशुपालन विषय पर 'युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित होगा। इसी प्रकार 30 जनवरी को निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक पशु चिकित्सालय दूध डेयरी परिसर छीपानेर रोड़ हरदा में श्वानों के लिए निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण शिविर तथा 31 जनवरी को शाम 4 बजे से 6 बजे तक विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों पर चर्चा हेतु एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया जाएगा।

### मौसम के बदलने से 15 मिनट तक बेर के आकार के ओले गिरे

# भारी ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों मक्का सहित अन्य फसलें पूरी तरह से बर्बाद हुईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

जिले में बीती रात मौसम के बदलने से भारी ओलावृष्टि हुई। जिले की हंडिया तहसील के एक दर्जन से अधिक गांवों में करीब 15 मिनट तक बेर के आकार के ओले गिरे। इससे खेतों में खड़ी गेहूं, चना, सरसों और मक्का सहित अन्य फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गईं। ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर सोनतलाई, पांचातलाई, जामली, करनपुरा, कचबेड़ी, बिछोला, सेनगुड़, हनीफ़ाबाद और डोमरी सहित 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में देखा गया। सोनतलाई गांव ओलावृष्टि का केंद्र रहा, जहां रबी सीजन की फसलों को लगभग 90 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचा है। युवा किसान विवेक बेड़ा ने बताया कि अकेले सोनतलाई गांव में ही तीन हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र की फसल ओलावृष्टि में बर्बाद हो गई है। वहीं, ग्राम सोनतलाई के किसान हरिचंद जाट के अनुसार, उन्होंने 40-45 साल पहले ऐसी ओलावृष्टि देखी थी, जिससे क्षेत्र की फसलों को इतना भारी नुकसान हुआ था।

### प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर राहत राशि दें

ग्राम बिछोला के किसान रघुवीर सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने 20 एकड़ में गेहूं की फसल लगाई थी, जो पूरी तरह बर्बाद हो गई है। आगामी 10 फरवरी को उनकी दो बेटियों की शादी होनी है। फसल से होने वाली आय से शादी का खर्च उठाने की उम्मीद थी, लेकिन अब उन्हें कर्ज लेने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम कचबेड़ी के किसान रामशंकर जाट ने बीमा संबंधी समस्या बताई। उनके अनुसार, बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर पॉलिसी नंबर मांगा जा रहा है, जो किसानों के पास उपलब्ध नहीं है। 24 घंटे के भीतर शिकायत दर्ज न होने पर बीमा लाभ प्राप्त करने में कठिनाई होगी। किसान नेता पवन विश्नोई ने प्रशासन और सरकार से जल्द से जल्द प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर किसानों को बीमा और राहत राशि प्रदान करने की मांग की है

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अमले की बैठक

# वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं: कमिश्नर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नर्मदापुरम संभाग के आयुक्त के.जी. तिवारी एवं मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार ने बुधवार को राजस्व, वन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी अमले की बैठक लेकर जिले के 42 वनग्रामों का राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तित करने के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, वनमण्डलाधिकारी ज्योति मुड़यिा, सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कमिश्नर ने वनग्रामों को राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन के पूर्व वनग्रामों का पूर्ण मानचित्रण, वनग्रामों की बाहरी सीमा का निर्धारण, स्थल सत्यापन, पूरे क्षेत्र का जीपीएस के माध्यम से नक्शा तैयार किये जाने, वन अधिकार पट्टाधारियों की सूची तैयार करने, नक्शे में वन अधिकार पत्रों की स्थिति दर्ज करने, ऐसे पट्टाधारी जिनको वन अधिकार पत्र जारी नहीं किया गया है, उनको जानकारी दर्ज कराने, पट्टा अथवा वनाधिकार पत्रधारी की मृत्यू हो जाने की दशा में नामातंतरण, नए दावा आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज करना, दावा आवेदनों का निराकरण, सामुदायिक दावों की स्थिति की समीक्षा भी की। साथ ही समय सीमा में उपरोक्त कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। वन अधिकार पट्टों से संबंधित समस्त नस्तियां वनमण्डलाधिकारी कार्यालय में जमा करने के भी निर्देश दिये गये। कमिश्नर ने बैठक में जिले के 48 वनखण्डों की वन व्यवस्थापन की स्थिति की भी समीक्षा की।

# गौर समाज के नगर अध्यक्ष बने दीपक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

नगर मे बुधवार को गौर समाज की बैठक गौरव स्कूल में रखीं गई। जिसमें सामाजिक न्याय समिति जिलाध्यक्ष हरदा प्रदीप गौर,न्याय समिति सदस्य राधेश्याम गौर, पूर्व जिला अध्यक्ष माखनलाल पटेल। वही इस कार्यक्रम के अध्यक्ष शिक्षक रामस्वरूप गौर, एवं पर्यवेक्षण रामस्वरूप छपरया के सानिध्य में संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में ग्राम इकाई के अध्यक्ष दीपक गौर (डुडी),उपाध्यक्ष संजय लोनिया,सचिव विजय गौर,सह सचिव राकेश गौर,कोषाध्यक्ष रामबालक गौर नियुक्त किये गए। इस दौरान जिला सदस्य के लिए ग्राम से 16 नाम प्रस्तावित किये गए।

### समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया

# तहसील में अधिकारी कर्मचारियों को ई-ऑफिस संचालन की ट्रेनिंग दी, व्यावहारिक कठिनाइयों के बारे में चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार एनआईसी के नेटवर्क इंजीनियर सागर शर्मा ने बुधवार को रहटगांव तहसील में तहसीलदार कोर्ट व नायब तहसीलदार कोर्ट में कार्यरत कर्मचारियों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। उन्होने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को ई-ऑफिस के प्रभावी उपयोग में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना और उन्हें दैनिक कार्यों में इस प्रणाली का निर्बाध रूप से उपयोग करने में सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण में नायब तहसीलदार रश्मि धुर्वे सहित तहसील के कर्मचारी सम्मिलित हुए।



# वीबी- जी राम जी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा करेगी: सांसद आलोक शर्मा

**सीहोर।** जिले के ग्राम झरखेड़ा व ग्राम मगरदा में वीबी- जी राम जी विषय पर जनजागरण अभियान अंतर्गत कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ भोपाल सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय द्वारा सरस्वती पूजा कर व दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच से आज दुनिया भारत की ओर देख रही हैं।


वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस के शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बढ़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। बजट में यह बढ़ोत्तरी कांग्रेस के शासनकाल के समय से लगभग तीन गुना अधिक है। कृषि वर्ष 2026 में कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़कर सरकार किसानों की आय बढ़ाने का कार्य करेगी। वीबी-जी रामजी अधिनियम से गांवों में अधोसंरचना का विकास होगा और विकास की नई क्रांति आएगी। वीबी-जी रामजी योजना में गरीबों, मजदूरों को अब 100 दिन के बजाय बजाय 125 दिन मजदूरी मिलेगी। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत" संकल्प को धरातल पर उतारने वाला राष्ट्रीय स्तर का मिशन है। इब योजना में मजदूरों को 125 दिन के रोजगार की गारंटी निश्चित रूप से रोजगार को बढ़ावा देने वाला है। कौशल और उद्यमिता के साथ इस योजना को जोड़कर रोजगार को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सुधारों के साथ लागू की जा रही नई योजना में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वर्ष में कभी भी मजदूरी प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत की राशि वहन करेगी। कई मामलों में पहले केंद्र सरकार ही निर्णय लेता था, लेकिन अब राज्य सरकारें भी गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास को ध्यान में रखकर कार्यों को शामिल कर सकते हैं। नरेगा में विद्यालय भवन, पुस्तकालय, कोल्ड स्टोरेज, ग्रामीण पार्किंग, सौर ऊर्जा, नवकरणीय ऊजा, जैविक खाद इकाई, बाढ़ आश्रय स्थल, आपदा में क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत, जल जीवन मिशन के कार्यों में सुधार एवं रखरखाव जैसे कार्य शामिल नहीं थे। नई योजना में यह सभी कार्य शामिल किए गए हैं। जैविक खाद निर्माण इकाइयां, पशुपालन, मुर्गी-पालन शेड, मत्स्य पालन संबंधी निर्माण कार्यों, नर्सरी निर्माण, भवन-निर्माण सामग्री उत्पादन इकाई निर्माण का प्रावधान भी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए किया गया है।



# शर्मनाक, गणतंत्र दिवस पर शराब पीकर स्कूल पहुंचा शिक्षक, छात्राओं के कक्ष में घुसने का भी आरोप लगा

**सीहोर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर जहां पूरा देश तिरंगे को नमन कर रहा था, वहीं भैरूंदा तहसील के ग्राम डिमावर से शिक्षा जगत को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। यहां के शासकीय विद्यालय में पदस्थ एक अतिथि शिक्षक कथित तौर पर शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच गया। ग्रामीणों ने शिक्षक को पकड़कर उसका वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों ने अतिथि शिक्षक राजेश कुशवाह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे की हालत में शिक्षक उस कमरे तक पहुंच गया जहां छात्राएं कपड़े बदल रही थीं। इस घटना के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यह शिक्षक पहले भी कई बार नशे में स्कूल आ चुका है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



### ग्रामीणों ने घेरा, वीडियो हुआ वायरल

वायरल वीडियो में ग्रामीण शिक्षक को घेरकर नाराजगी जताते दिख रहे हैं। 26 जनवरी जैसे गरिमामय दिन पर शिक्षक की इस हरकत ने स्कूल के अनुशासन और शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। अभिभावकों ने इसे बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बताते हुए शिक्षक को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

### अधिकारी बोले, हटाने की प्रक्रिया शुरू

मामला तूल पकड़ते ही शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साक्षी जैन ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही संबंधित अतिथि शिक्षक को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो और ग्रामीणों के आरोपों की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर सख्त अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल इस घटना ने प्रशासन और शिक्षा विभाग की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में एमएसपी लागू करने की मांग

# भजन-कीर्तन के जरिए किसानों की अनोखी मांग, एमएसपी बढ़ाने को लेकर लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के चंदेरी ग्राम एवं रलावती गांव में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक अनोखा और भावनात्मक तरीका अपनाया। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने गेहूं की फसल के बीच बैठकर ढोलक, पेटी और झांझ की धुन पर भजन-कीर्तन गाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोकसभा में पेश होने वाले बजट में किसानों के हित में बड़े फैसले लेने की मांग की।

किसानों ने भजन हे प्रभु मोदी है दाता, हे प्रभु मोदी है दाता, ऐसी कृपा कीजिए, सारे किसान मांग रहे हैं, बजट में एमएसपी दीजिए। के माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह किया कि 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में किसानों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाए और प्रमुख फसलों के दामों में बढ़ोतरी की जाए। किसानों की प्रमुख मांग है कि सोयाबीन का भाव 8000 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं का भाव 5000 रुपए प्रति क्विंटल तय किया जाए। इसके साथ ही प्याज और लहसुन को भी उनकी लागत के अनुसार उचित कीमत दिलाने की मांग उठाई गई।




इस भजन को किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने स्वयं लिखा और प्रस्तुत किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान का दर्जा देते हुए उनसे प्रार्थना की गई कि वे किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए बजट में विशेष प्रावधान करें। गीत में किसानों की पीड़ा, बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम, और फसलों के कम भाव जैसी समस्याओं को भावनात्मक शब्दों में पिरोया गया। कार्यक्रम में पेटी मास्टर सवाई सिंह मेवाड़ा, ढोलक मास्टर बाला प्रसाद विश्वकर्मा सहित कई किसान कलाकारों ने भाग लिया। सिंह मेवाड़ा, फूल सिंह मेवाड़ा, हीरालाल सहित अन्य ग्राम रलावती के किसान महेंद्र पटेल बालक दास पंडित जी सवाई सिंह मेवाडा इंदर सिंह पटेल देव सिंह नारायण सिंह भजन-कीर्तन के जरिए अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया।

किसानों का कहना है कि वे किसी आंदोलन या विरोध के बजाय शांति और भक्ति के मार्ग से अपनी बात रखना चाहते हैं, ताकि सरकार तक किसानों की वास्तविक स्थिति और समस्याएं पहुंच सकें। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अपील की कि वे किसानों की मेहनत का सही मूल्य सुनिश्चित करें, ताकि अन्नदाता आर्थिक रूप से मजबूत हो सके और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सके।

# ऑटो चालक के परिवार पर घर में घुस कर किया जानलेवा हमला

### पुलिस ने मामला दर्ज किया, आरोपी फरार

**सीहोर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम थुनाकलां में दलित परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल परिजन इलाज के लिए भोपाल स्थित अस्पताल में भर्ती है। कोतवाली थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है लेकिन आरोपियों को अबतक पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार में कड़ा आक्रोश बना हुआ है। फरियादियों ने आरोपियों को गिरफ्तार कराने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।





थुनाकलां में रहने वाला वाटर सप्लायर अशोक कुमार मालवीय 23 जनवरी को लोडिंग वाहन तुमडा लेकर गया था वापस लौटते समय कलारी के पास थुनाकलां में गाड़ी खराब हो गई थी जहां किसी बात को लेकर गाँव के अशोक मेवाड़ा ने झुमाझटकी कर मारपीट कर दी। मारपीट कर रहे अशोक मेवाड़ा को समझाकर मुश्किल बचाकर अशोक को उनका बेटा निखिल मालवीय घर ले गया था। उसी रात 9.30 बजे के दरमियान अशोक मेवाड़ा, सतरंग मेवाड़ा, दुर्गेश भाटी व राकेश मेवाड़ा घर पहुंचे और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए लकड़ी के डंडे से मारपीट शुरू कर दी। हमले में अशोक की बाँयी आँख के ऊपर लगी पत्नि ममता मालवीय को भी डंडे से मारा गया हमले में पुत्र निखिल मालवीय पुत्री पलक भी बुरी तरह घायल हो गए।

घटना के बाद वीरेन्द्र मालवीय ने 112 पर फोन लगाया और घायल को जिला अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने गंभीर अवस्था में अशोक कुमार और ममता बाई को भोपाल रेफर कर दिया।

















































## कार्यालय नगर परिषद घोडाडोंगरी जि. बैतूल (म.प्र.)

Office Of The Municipal Council Ghodadongri District. Betul (M.P.)
Email ID cmoghodadongri@mpurban.gov.in

### 26 जनवरी गणतंत्र दिवस 2026
### की समस्त नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं





(श्रीमति मीरावंती नंदकिशोर उइके)
अध्यक्ष
नगर परिषद घोडाडोंगरी

(श्री हरप्रीत सिंह खनुजा)
उपाध्यक्ष
नगर परिषद घोडाडोंगरी

//अपील//

- गणतंत्र का उत्सव स्वच्छता के संग।
- हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता।
- समस्त करों का भुगतान समय पर कर नगर के विकास में सहयोग करें।
- नलों में टोटियां अवश्य लगावें पानी का दुरूपयोग न करें।
- नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखे।
- कचरा वाहन में गीला एवं सुखा कचरा अलग-अलग देवे।
- खुले में शौच न करें न करने देवें।
- अपने घरों एवं दुकानो का कचरा सड़क एवं नाली में ना डाले।
- जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय पर अवश्य कराये।
- एक वृक्ष मां के नाम अवश्य लगाये।

माननीय सभापति एवं पार्षदगण:- श्री मुकेश मेश्राम, श्रीमति नीतु राजेश सोनी, श्रीमति अंजु राकेश मालवीय, श्रीमति सोना राजेश राजपुत, (सभापति), श्रीमति कविता दुष्यंत महाले (सभापति), श्रीमति नेहा दीपक उइके, श्रीमति सविता पठारिया, श्री राहुल इवने (सभापति), श्री राकेश नानकर, श्री सुरेन्द्र सिंह चौहान, श्रीमति निशा सुशील धुर्वे (सभापति), श्री योगेन्द्र कवडे (सभापति), श्री महेन्द्र सिंह धुर्वे।

(नवनीत पाण्डेय) मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद घोड़ाडोंगरी